# गैर व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षा ऋण योजना

| क्र.सं | मानदंड | मानदंडों का विवरण |
|---|---|---|
| 1. | सुविधा का उद्देश्य | उन विद्यार्थियों को दी जाती है जो भारतीय राष्ट्रिक हैं :-<br>1. जिन्होंने एचएससी (10+2 या समतुल्य) पूरा करने के बाद प्रवेश परीक्षा/मेरिट आधार पर चयन प्रक्रिया द्वारा भारत या विदेश में मान्यता प्राप्त संस्थानों में उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया है.<br>या<br>2. जिन्होंने मैनेजमेंट कोटा के अंतर्गत प्रवेश प्राप्त किया हो यद्यपि वे मेरिट कोटा के अंतर्गत निश्चित प्रवेश के लिए योग्य थे , अर्थात् उन्होंने उस शैक्षणिक संस्थान/कार्यक्रम के लिए सामान्य/एससी/एसटी/ओबीसी/कन्या विद्यार्थियों के लिए मेरिट आधार पर प्रवेश के लिए विनिर्दिष्ट आवश्यक कट-ऑफ स्तर से अधिक अंक हासिल किए हैं. |
| 2. | पात्र पाठ्यक्रम | **<u>भारत में अध्ययन : (सांकेतिक सूची)</u>**<br>• यूजीसी/ सरकारी/ एआईसीटीई/ एआईबीएमएस/ आईसीएमआर आदि द्वारा मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री और स्नातकोत्तर डिप्लोमा हेतु अनुमोदित पाठ्यक्रम.<br>• पाठ्यक्रम जैसे आईसीडबल्यूए, सीए, सीएफ़ए आदि.<br>• अन्य रोजगार उन्मुख पाठ्यक्रम जो आगे चलकर मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा प्रस्तावित तकनीकी/व्यवसायिक डिग्री/डिप्लोमा में ले जा सकें.<br>• दसवीं कक्षा पूर्ण करने के बाद अनुमोदित पॉलिटैक्निक संस्थानों द्वारा प्रस्तावित तकनीकी डिप्लोमा पाठ्यक्रम(सामान्यतः 3 वर्ष).<br>• भारत में प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम.<br>• ऐसे पाठ्यक्रमों के मामले में जिनका कुछ हिस्सा भारत और कुछ विदेश में पूर्ण होता हो, देशी पाठ्यक्रम और संस्थान की प्रामाणिकता पर ध्यान दिया जाएगा.<br>**<u>विदेश में अध्ययन</u>**<br>• स्नातक :प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों द्वारा प्रस्तावित रोजगार उन्मुख व्यवसायिक/तकनीकी पाठ्यक्रम<br>• स्नातकोत्तर : एमसीए, एमबीए, एमएस, आदि अनुमोदित स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी पात्र हैं.<br>• सीआईएमए - लंदन, यूएसए में सीपीए आदि द्वारा संचालित पाठ्यक्रम.<br>**<u>विशेष पाठ्यक्रम</u> :**<br>भारत/विदेश में रोजगार के उद्देश्य से सक्षम नियामक संस्था द्वारा मान्यता प्राप्त |

<table>
<tr><th>क्र.सं</th><th>मानदंड</th><th>मानदंडों का विवरण</th></tr>
<tr><td></td><td></td><td>नियमित डिग्री/डिप्लोमा पाठ्यक्रम जैसे एरोनॉटिकल , पायलट प्रशिक्षण , शिपिंग आदि.</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>वित्त की राशि</td><td>अभिभावकों/विद्यार्थियों की चुकौती क्षमता के अधीन मार्जिन के साथ आवश्यकतानुसार वित्त जिसकी अधिकतम सीमा निम्नानुसार है:<br>क. भारत में अध्ययन - अधिकतम रु 10 लाख.<br>ख. विदेश में अध्ययन - अधिकतम रु 20 लाख.<br>टिप्पणी: एक्जीक्युटिव कार्यक्रम के मामले में भारत और विदेश में अधिकतम वित्तपोषण 20 लाख रु. से अधिक नहीं होगा.</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>चुकौती की शर्तें</td><td><u>अधिस्थगन अवधि:</u><br>पाठ्यक्रम की अवधि + रोजगार प्राप्त करने के 1 वर्ष या 6 माह बाद , जो भी पहले हो.<br><u>चुकौती अवधि :</u><br>अधिस्थगन अवधि की समाप्ति के बाद चुकौती अवधि निम्नानुसार होगी :<ul><li>रु. 7.5 लाख तक ऋण के लिए: 10 वर्ष तक</li><li>रु. 7.5 लाख से अधिक के लिए: 15 वर्ष तक</li></ul></td></tr>
<tr><td>5.</td><td>ऋण मार्जिन</td><td><table>
<tr><th>अध्ययन का स्थान</th><th>ऋण राशि</th><th>ऋण मार्जिन</th></tr>
<tr><td rowspan="2">भारत</td><td>रु. 4 लाख तक</td><td>कुछ नहीं</td></tr>
<tr><td>रु. 4 लाख से अधिक</td><td>कुल पाठ्यक्रम शुल्क का 5%</td></tr>
<tr><td rowspan="2">विदेश</td><td>रु. 4 लाख तक</td><td>कुछ नहीं</td></tr>
<tr><td>रु. 4 लाख से अधिक</td><td>पाठ्यक्रम शुल्क का 15%</td></tr>
<tr><td rowspan="2">आंशिक भारत/विदेश</td><td>रु. 4 लाख तक</td><td>कुछ नहीं</td></tr>
<tr><td>रु. 4 लाख से अधिक</td><td>पाठ्यक्रम शुल्क का 5%</td></tr>
</table><ul><li>छात्रवृत्ति/असिस्टेंटशिप मार्जिन में शामिल की जाएगी.</li><li>आनुपातिक आधार पर संवितरण किए जाने पर और वर्षानुवर्ष आधार पर मार्जिन राशि लायी जा सकती है.</li></ul></td></tr>
<tr><td>6.</td><td>प्रतिभूति</td><td>रु. 4 लाख तक : कोई प्रतिभूति नहीं<br>रु. 4 लाख से अधिक और रु.7.5 लाख तक : अन्य पक्ष गारंटी<br>रु. 7.5 लाख से अधिक : भूमि/बिल्डिंग के रूप में संपार्श्विक प्रतिभूति(न्यूनतम मूल्य मांगी गई ऋण राशि का 1.33 गुना होना चाहिए)/ सरकारी प्रतिभूति/ सार्वजनिक क्षेत्र बॉन्ड/ यूटीआई, एनएससी, केवीपी, एलआईसी पॉलिसी, स्वर्ण, शेयर इकाई/ म्यूचुअल फ़ंड इकाई/ लाभांश , विद्यार्थी/ अभिभावक या अन्य पक्ष के नाम</td></tr>
</table>

| क्र.सं | मानदंड | मानदंडों का विवरण |
|---|---|---|
| | | पर बैंक में जमा (मांगी गई ऋण राशि से कम से कम 1.1 गुना मूल्य का हो.) या उचित मार्जिन के साथ अन्य दूसरी मूर्त प्रतिभूति जो बैंक को स्वीकार हो.<br>संपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में दी गई भूमि, कृषि भूमि नहीं होनी चाहिए. |
| 7. | **व्ययों के लागू शीर्ष** | क. महाविद्यालय/ विद्यालय/ हॉस्टल को देय शुल्क.<br>ख.परीक्षा/ पुस्तकालय/ प्रयोगशाला शुल्क.<br>ग.पुस्तकें/ उपकरणों/ यंत्रों/ गणवेशों की खरीद.<br>**घ.** कॉशन डिपॉज़िट/बिल्डिंग फंड/वापस किया जानेवाला डिपॉज़िट जिनके लिए संस्था के बिल / रसीदें हों- इस शर्त पर कि यह राशि पू रे पाठ्यक्रम के कुल शुल्क के 10% से अधिक न हो.<br>ङ विदेश में अध्ययन के लिए यात्रा व्यय/पैसेज मनी.<br>च.कम्प्युटर की खरीद- पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए आवश्यक.<br>छ.पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए कोई अन्य व्यय **- जैसे अध्ययन दौरा ,** परियोजना कार्य, थीसिस आदि<br>ज.**उधारकर्ता विद्यार्थी हेतु बीमा प्रीमियम**, **यदि बीमा सुरक्षा मांगी गई हो**.<br><br>*टिप्पणी : ङ च छ ज शीर्षों के अंतर्गत अधिकतम व्यय पाठ्यक्रम की समाप्ति के लिए देय कुल ट्यूशन शुल्क* ***के*** *20% तक सीमित होगा.* |
| 8. | **प्रोसेसिंग शुल्क** | भारत में अध्ययन के लिए : **कुछ नहीं**<br><br>विदेश में अध्ययन के लिए : ऋण राशि का 1% जिसकी अधिकतम राशि रु. 5000/- होगी + लागू सेवा कर लिया जाएगा और संवितरण के समय (बिना सेवा कर के) वापस किया जाएगा. |
| 9. | **प्रभार** | क. बंधक प्रभार, दस्तावेजीकरण/ स्टैम्प शुल्क : ग्राहक द्वारा वहन किए जाने वाले वास्तविक व्यय<br>ख.संस्थान बदलने के लिए प्रभार : रु.250/- |
| 10. | **पूर्व भुगतान मानदंड** | किसी भी समय बिना पूर्व भुगतान / **पुरोबंध** प्रभार के संवितरित राशि की चुकौती की अनुमति है. |
| 11. | **चुकौती का तरीका** | केवल स्थायी अनुदेश (एसआई). |
| 12. | **सह-आवेदक** | संयुक्त उधारकर्ता के रूप में विद्यार्थी और अभिभावक/संरक्षक दोनों के द्वारा ऋण दस्तावेज़ निष्पादित किए जाएंगे. सभी ऋणों के लिए सह-आवेदक अनिवार्य है. |
| 13. | **दस्तावेज़** | 1. पूरा भरा हुआ आवेदन फॉर्म.<br><br>2. उधारकर्ता से यह घोषणा/शपथ पत्र लिया जाए कि उन्होंने अन्य बैंकों से शिक्षा ऋण नहीं लिया है.<br><br>**क. <u>आवेदक:</u>**<br>- आयु का प्रमाण |

| क्र.सं | मानदंड | मानदंडों का विवरण |
|---|---|---|
| | | - पहचान का प्रमाण<br>- पते का प्रमाण<br>- अंतिम अर्हता परीक्षा की अंक सूची<br>- प्रवेश का प्रमाण, छात्रवृत्ति, अधिछात्रवृत्ति आदि<br>- विनिर्दिष्ट पाठ्यक्रम के लिए व्यय अनुसूची<br><br>**ख <u>सह-आवेदक :</u>**<br>पिछले चार महीने का प्रमाणित बैंक खाता विवरण (सह-आवेदक के पास 4 महीनों से कम के बैंकिंग विवरण होने पर अंतरराशि प्रदान नहीं की जाएगी)<br>- पहचान का प्रमाण<br>- आयु का प्रमाण<br>- रोजगार सह व्यवसाय का प्रमाण<br><br>आय का प्रमाण :<br>वेतनभोगी -पिछले 2 माह की वेतन पर्ची और फॉर्म 16<br>स्वरोजगार करने वाले-1) अनुसूचियों के साथ पिछले 2 वित्तीय वर्ष का लाभ हानि खाता और तुलन पत्र. 2) पिछले 2 वर्षों की आय कर विवरणियाँ<br>कृषि आय : आयकर विवरणियाँ, सक्षम अधिकारी से प्रमाणित आय दस्तावेज़ (जैसे तलाठी) आदि. |